निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकःएफ.9 (युवा)अकाद / निकाशि/12/571 दिनांकः 22.10.13

परिपत्र

सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग के परिपत्र के अनुसरण में सभी महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि वे 24 अक्टूबर, 2013 को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस का आयोजन करें। साथ ही यदि आपके यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता हो तो उस दिन संयुक्त राष्ट्र संघ का झंडा भी राष्ट्रीय ध्वज के साथ फहराया जावें।

भारतीय झंडा संहिता, 2002 के पैरा 3.36 के अनुसार जब संयुक्त राष्ट्र संघ का झंडा राष्ट्रीय झंडे के साथ फहराया जाता है तो वह राष्ट्रीय झंडे के किसी भी ओर लगाया जा सकता है। सामान्यता राष्ट्रीय झंडे को इस प्रकार फहराया जाता है कि वह अपने सामने वाली दिशा के हिसाब से अपने एकदम दांई ओर होता है,"(अर्थात् झंडा फहराने के समय झंडे की ओर मुख किऐ हुए व्यक्ति के एकदम बाई ओर)"

उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

(नवीन जैन)
निदेशक,कॉलेज शिक्षा एवं
पदेन संयुक्त शासन सचिव, उच्च शिक्षा

क्रमांकःएफ.9 (युवा)अकाद / निकाशि / 571 दिनांकः 22-10-13

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः –

1. समस्त प्राचार्य, राजकीय / गैर राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
2. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर / बीकानेर / अजमेर / उदयपुर / जोधपुर / कोटा।
3. डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाइट पर अपलोड करें।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
संयुक्त निदेशक